खुले में पड़ा कचरा उठाने रोजाना नहीं आते निगम के कर्मचारी

- गंदगी, कच्ची सड़कें, नालियां चोक समेत कई समस्याएं
- वार्ड 78 - निगम की उपेक्षा से रहवासी हो रहे परेशान

वार्ड-78 परिक्रमा

नवभारत प्रतिनिधि
भोपाल, 20 नवंबर. राजधानी का नगर निगम आम नागरिकों की समस्या हल करने के लिए बनाया गया है, वही नागरिक भी उम्मीदों के साथ जनप्रतिनिधियों को चुनते हैं, पर इन सब की लापरवाही से वार्ड 78 की विश्वकर्मा नगर, फेस 1 और 2, जनता नगर, नीलकंठ कॉलोनी, शिवाजी नगर, गल्ला मंडी आदि क्षेत्र के रहवासी गंदगी, मच्छरों और जर्जर सड़कों के साथ ही बदहाल पार्कों से परेशान है. इस वार्ड में करीबन 40 हजार की आबादी के लिए बहुत कम सफाई कर्मचारी है. इसलिए सफाई ढंग से नहीं हो रही है.

खुले में पड़ा कचरा

आवारा मवेशियों से गलियों में खतरा

रहवासियों ने बताया कि वार्ड में खुले में कचरा फेंकने से आवरा जानवर इनके आसपास भटकते हैं. कचरा और पन्नी खाकर इनकी भी सेहत बेकार हो रही है. इनसे रहवासियों में दहशत बढ़ गया है. गलियों में बच्चों और बुजुर्गो का टहलना मुश्किल हो गया है. लोगों को जानवरों के हमले का डर बना रहता है. आसपास की कालोनियों में कुत्तों के काटने की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं.

रहवासियों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि और अफसरों की उपेक्षा से इस वार्ड का विकास नहीं हो पा रहा है. यहां बनी सडकें जर्जर हो चुकी है.

कॉलोनियों की वर्षों से नालियां जाम पड़ी है. कभी-कभार ही नगर निगम का अमला आता है. खाली प्लॉटों पर कचरे के ढेर लगे हैं. सफाई कर्मियों की कमी से रोज घरों से कचरा नहीं उठने से लोग खाली प्लाटों में कचरा फेंक देते हैं.

नालियां खुली हैं. खाली प्लाटों पर गंदगी परसी हुई है. बरसात में नालियां ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सड़कों से होकर सीधा घरों में घुसता है. वार्ड और जोन अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होती.

80 फीट रोड क्षतिग्रस्त

वार्ड 78 की 80 फीट रोड पर कई जगह गढ्ढे हो गये हैं, जिनमें पानी भरा हुआ है. राहगीर एवं मोटर साइकिल चालक अनबैलेंस हो कर गिर रहे हैं. पैदल चलने वाले राहगीरों के ऊपर वाहन गुजरने का कीचड़ की छीटा फैल जाता है.

नालियां चोक होने से सड़कों पर भरा गंदा पानी

जर्जर हालत में वार्ड की सड़कें.

बदहाल स्थिति में पार्क.

> वार्ड 78 में खुले प्लॉटों पर सफाई नहीं होने से लोगों को दिक्क तों का सामना करना पड़ता है. सफाई कर्मचारी भी कचरा एकत्र कर खुले में जला रहे हैं. इससे नागरिकों को परेशानी हो रही है.
> **समीर कुमार,** रहवासी

> नगर निगम से हमने वार्ड 78 की बदहाल सड़कों की मरम्मत, पार्क का उन्नयन, नालियों की मरम्मत स्ट्रीट लाइट आदि के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा है. वार्ड में भी विकास के लिए योजनाएं बनाई गई है. वार्ड में नियमित साफ- सफाई होती है. हमने सफाई कर्मचारी बढ़ाने की मांग की है.
> **मोहम्मद रियाज खान,** पार्षद, वार्ड 78 भोपाल

रिटायर्ड स्टोर कीपर का शव मिला

क्राइम रिपोर्टर
भोपाल, 20 नवंबर. टीटी नगर पुलिस ने सरस्वती नगर में रहने वाले रिटायर्ड कर्मचारी का शव बरामद किया है. शव तीन दिन पुराना होने से डीकम्पोज होने लगा था. पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया.

प्रारंभिक तौर पर हार्ट अटैक आने से मौत होने का अनुमान लगाया गया है. पुलिस के मुताबिक राकेश कुमार सोनी (56) सरस्वती नगर, जवाहर चौक पर रहते थे. एक रीजनल कालेज में सीनियर स्टोर कीपर थे और करीब डेढ़ साल पहले वीआरएस ले लिया था. परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और एक बेटी है. बेटी की शादी हो चुकी है, जो बड़वानी में शासकीय सेवा में है. बेटा अहमदाबाद में काम करता है. करीब तीन सप्ताह पहले पत्नी और बेटा अहमदाबाद चले गए थे, जिसके बाद से राकेश कुमार घर पर अकेले थे. पिछले दो दिनों से वह फोन रिसीव नहीं कर रहे थे. मंगलवार की शाम को बेटे ने परिचित को घर जाकर बात कराने का बोला था. परिचित व्यक्ति उनके घर पहुंचे तो दरवाजा भीतर से बंद मिला. काफी प्रयास करने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों की मदद से किसी तरह खोला गया. अंदर फर्श पर राकेश कुमार का शव पड़ा हुआ था. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम किया है.

एक्सीडेंट में घायल हुए बाइक सवार की मौत

भोपाल, 20 नवंबर. एक्सीडेंट में घायल हुए बाइक सवार एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजनों को सौंप दी है. हादसे के कारणों की जांच की जा रही है. पुलिस के मुताबिक सुरेश कुमार गौर (30) इछावर जिला सीहोर का रहने वाला था और प्रायवेट काम करता था. बीती एक नवंबर की रात को वह भोपाल से इछावर लौट रहा था, तभी भौंरी बायपास स्थित रेलवे के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के पास वह हादसे का शिकार हो गया. उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया.

कार का कांच तोड़कर लैपटाप और पर्स ले उड़े बदमाश

मनुआभान की टेकरी पर वारदात की जांच में जुटी पुलिस

क्राइम रिपोर्टर
भोपाल, 20 नवंबर. कोहेफिजा स्थित मनुआभान की टेकरी पर खड़ी एक कार का कांच तोड़कर चोर अंदर रखा लैपटाप और पर्स चोरी कर ले गए. पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है.

इधर ऐशबाग स्थित एक बाइक शोरूम के सामने खड़ी स्कूटर चोरी चली गई. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

जानकारी के अनुसार शोएब अहमद (37) मूलत: अहमदाबाद गुजराज के रहने वाले हैं. फिलहाल वह जिंदाल अस्पताल के पास सागर लैंडमार्क निशातपुरा में रहते हैं और एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं.

रविवार की शाम करीब छह बजे वह अपनी कार से दोस्त के साथ घूमने के लिए मनुआभान की टेकरी पहुंचे थे. उन्होंने अपनी कार टेकरी पास खड़ी कर दी और ऊपर की तरफ घूमने के लिए चले गए. करीब एक घंटे बाद वापस लौटे तो कार की बायीं तरफ का पिछला कांच टूटा मिला और अंदर सीट पर रखा उनका लैपटाप और पर्स गायब था. पर्स में पेन कार्ड, कार और बाइक का रजिस्ट्रेशन कार्ड, क्रेडिट कार्ड समेत अन्य जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे. आसपास तलाश करने के बाद भी जब लैपटाप और पर्स नहीं मिला तो उन्होंने मंगलवार को कोहेफिजा थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई.

पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. इधर मिसरोद थानांतर्गत ढोलक बस्ती जाटखेड़ी में रहने वाले अरुण कुमार सहाय के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर जेवरात समेत करीब 90 हजार का सामान चोरी कर ले गए. इसी प्रकार परवलिया थानांतर्गत ग्राम नीलबढ़ निवासी सारिक चौधरी के खेत से चोर फेंसिंग के तार काट ले गए. चोरी गए तारों की कीमत 10 हजार रुपए बताई गई है.

शोरूम के सामने खड़ी स्कूटर चोरी

भोपाल, 20 नवंबर. ऐशबाग स्थित बाइक शोरूम के सामने खड़ी स्कूटर चोरी चली गई. पुलिस के मुताबिक गुरुविंदर सिंह कपूर पद्मनाभ नगर स्थित एक बाइक शोरूम पर काम करते हैं. बीती सोलह नवंबर की शाम को उन्होंने अपनी स्कूटर शोरूम के सामने खड़ी की और अंदर चले गए. करीब दस मिनट बाद बाहर निकले तो उनकी स्कूटर गायब हो चुकी थी. आसपास तलाश करने पर भी स्कूटर का कुछ पता नहीं चला. बाद में वह काम से बाहर चले गए थे. मंगलवार को थाने जाकर स्कूटर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई. इसी प्रकार पिपलानी स्थित बी-सेक्टर इंद्रपुरी से बलराम यादव की बाइक चोरी चली गई. पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है.

मालवा एक्सप्रेस में यात्री का मोबाइल छीना

ट्रेन के गेट पर बैठे युवक से भोपाल स्टेशन के आउटर पर वारदात

क्राइम रिपोर्टर
भोपाल, 20 नवंबर. भोपाल स्टेशन के आउटर पर रुकी मालवा एक्सप्रेस के गेट पर बैठे युवक का बदमाश मोबाइल फोन छीनकर भाग निकला. मोबाइल की कीमत 18 हजार रुपए बताई गई है. जीआरपी ने केस दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है.

शाजापुर निवासी अमन शर्मा मंगलवार को मालवा एक्सप्रेस के जनरल कोच में बैठकर उज्जैन से भोपाल की यात्रा कर रहा था. शाम को ट्रेन भोपाल स्टेशन से पहले आउटर पर आकर रुक गई. ट्रेन में भीड़भाड़ ज्यादा होने के कारण अमन को घबराहट होने लगी तो वह गेट पर आकर बैठ गया. उसने अपना मोबाइल फोन हाथ में पकड़ रखा था. कुछ देर बाद ट्रेन जैसे ही चलने लगी तो एक बदमाश ने हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल फोन जमीन पर गिराया और उठाकर भाग निकला. स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद अमन ने जीआरपी थाने जाकर मोबाइल झपटने की रिपोर्ट दर्ज कराई.

नींद लगते ही बैग ले उड़े बदमाश

> सीहोर निवासी अमित शर्मा मंदिर में पुजारी का काम करते हैं. पिछले दिनों वह मुंबई जाने के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन आए थे. ट्रेन लेट होने के कारण वह प्लेटफार्म क्रमांक-6 पर सीढ़ियों के पास बैग रखकर बैठ गए. थकावट होने के कारण उन्हें नींद लग गई. कुछ समय बाद एक पुलिसकर्मी ने उन्हें जगाया तो देखा कि बगल में रखा बैग गायब है. बैग के अंदर चार-पांच जोड़ी कपड़े, एक हजार रुपये नकदी, आधार कार्ड, मोबाइल फोन, चार्जर समेत अन्य सामान रखा हुआ था.

सट्टा लिख रही महिला और पुरुष गिरफ्तार

भोपाल, 20 नवंबर. शाहजहांनाबाद पुलिस ने सट्टा लिख रही एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से 8185 रुपये नकद और सट्टा पर्ची जब्त हुई है. पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे सूचना मिली कि बाजपेयी नगर मल्टी के पास एक महिला और एक पुरुष सट्टा पर्ची लिख रहे हैं. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेहियों से पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम माया सिंह और महेश धनानी बताए. तलाशी लेने पर दोनों के पास नकद रुपये और सट्टा पर्ची जब्त हुई. पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है.

अवैध शराब से लदी कार पकड़ाई, चालक गिरफ्तार

क्राइम रिपोर्टर
भोपाल, 20 नवंबर. कटारा हिल्स थाना पुलिस ने मंगलवार रात चैकिंग के दौरान अवैध शराब से लदी एक कार पकड़ी. इस मामले में कार चालक को गिरफ्तार किया गया है.

कार और जब्त हुई शराब की कीमत करीब तीन लाख रुपए बताई गई है. आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है. उससे पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि उक्त शराब कहां से लेकर आया था और कहां पर सप्लाई करने वाला था.

थाना प्रभारी बिजेंद्र निगम ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकने और संदिग्धों की धरपकड़ के लिए मंगलवार देर रात रापड़िया जोड़ के पास वाहनों की चैकिंग की जा रही थी. रात करीब दस बजे सफेद रंग की एक स्विफ्ट कार को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो चालक ने कार को आगे-पीछे करते हुए भागने का प्रयास करने लगा. संदेह होने पर पुलिस ने टीम ने घेराबंदी कर उक्त कार को रोक लिया. चालक के बाहर निकालकर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम राहुल पटेल पुत्र नेपाल सिंह (30) निवासी पिपरिया जिला नर्मदापुरम, हाल पता किराए का मकान पवित्रा परिसर थाना कटारा हिल्स बताया. कार की तलाशी में डिग्गी में रखी 6 पेटी देशी अवैध शराब रखी मिली, जिसे पुलिस ने कार समेत जब्त कर लिया. आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी बिजेन्द्र निगम के साथ ही एसआई कुशलेंद्र सिंह बघेल, धनराज धुर्वे, वासुदेव सविता, हेड कांस्टेबल दीपक मालवीय की सराहनीय भूमिका रही है.

फांसी लगाकर की खुदकुशी

क्राइम रिपोर्टर
भोपाल, 20 नवंबर. छोला मंदिर इलाके में रहने वाली एक महिला ने घर में फांसी लगा ली. पति उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया.

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है. मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि ननद से ज्यादा लगाव करने के चलते पत्नी नाराज थी.पुलिस के मुताबिक सुरभिक विश्वकर्मा पत्नी देवेंद्र विश्वकर्मा (29) ईकोग्रीन कालोनी छोला मंदिर में रहती थी और गृहणी थी. उसका पति एक निजी कालेज में नौकरी करता था. दोनों की करीब चार साल पहले शादी हुई थी. उनके दो बच्चे हैं. मंगलवार की रात सुरभि ने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली. पति ने उसे फंदे से उतारा और इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया. प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि देवेंद्र अपनी बहन और परिजनों का ज्यादा खयाल रखता था, जिसको लेकर सुरभि ऐतराज करती थी.

मां के खिलाफ दर्ज हुआ दुधमुंहे बच्चे की हत्या का केस

- बच्चे को गोद में लेकर कुएं में कूदी थी महिला
- डेढ़ महीने पहले गुनगा में हुई थी दुखद घटना

क्राइम रिपोर्टर
भोपाल, 20 नवंबर. गुनगा थाना पुलिस ने 15 महीने के दुधमुंहे बच्चे की मौत के मामले में मां के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था.

मां अपने बच्चे को गोद में लेकर कुएं में कूद गई थी, जिसके कारण दोनों की मौत हो गई थी. मायके वालों के बयान के बाद पुलिस ने ससुराल वालों के खिलाफ केस दर्ज किया था. अब जांच के बाद मृतका के खिलाफ अपने बच्चे की ही हत्या का केस दर्ज किया गया है.

थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि संगीता कुशवाहा (27) हरसिद्धी माता मंदिर के पास ग्राम नलखेड़ा थाना बैरसिया की रहने वाली थी. करीब तीन साल पहले उसकी शादी गुनगा में रहने वाले सुनील कुशवाह के साथ हुई थी. दोनों का 15 महीने का बेटा नितिन कुशवाहा था.

सुनील खेती किसानी करता है और मकान से लगा हुआ खेत भी है. घर से करीब पचास मीटर दूर बगैर मुंडेर का एक कुआं है, जहां बने चबूतरे पर पूजापाठ होती है. संगीता रोजाना नहाने के बाद चबूतरे पर पूजा करने जाती थी. बीती 5 अक्टूबर को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे वह बच्चे नितिन को गोद में लेकर चबूतरे के पास पहुंची और कुएं में कूद गई थी, जिससे मां-बेटे की मौत हो गई थी.

आवाज सुनकर पहुंचे थे परिजन

कुएं में कुछ गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो संगीता की एक चप्पल कुएं के बाहर और दूसरी चप्पल कुएं के अंदर पड़ी दिखाई दी. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पंप लगाकर कुएं का पानी खाली करवाया और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद संगीता और बेटे नितिन का शव बाहर निकाला था. प्रारंभिक जांच पर ससुराल वालों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था. विस्तृत जांच के बाद पुलिस ने मां संगीता के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है.

बाइक सवारों ने 2 युवकों के गाल पर किया चाकू से हमला

हुलिए के आधार पर पुलिस कर रही तलाश

क्राइम रिपोर्टर
भोपाल. 20 नवंबर. हनुमानगंज इलाके में बाइक सवार तीन बदमाशों ने दो युवकों के गाल पर अकारण ही चाकू से हमला कर दिया. दोनों ही वारदातों को आधा घंटे के अंतराल में अंजाम दिया गया है.

दोनों परियादी बदमाशों को पहले से नहीं जानते हैं और उनका कोई विवाद भी नहीं हुआ था. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज कर लिया है. हुलिए के आधार पर तीनों की तलाश की जा रही है.जानकारी के अनुसार अमन पर्ते (24) सोहागपुर होशंगाबाद में रहता है और भोपाल से पिपरिया चलने वाली यात्री बस में हेल्परी का काम करता है. सोमवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे उसने अपनी बस पान मंडी के पास समानांतर रोड पर खड़ी करवाई और उसके बाद खाना पैक करवाने के लिए चला गया. खाना लेकर वापस लौटते समय वह नादरा बस स्टैंड स्थित पुराना भोपाल ट्रैवल्स के सामने पहुंचा, तभी बाइक पर सवार तीन लड़के उसके पास पहुंचे. सबसे पीछे बैठा लड़का जैकेट पहने हुए था. उसने चाकू निकालकर अमन के गाल पर मार दिया, जिससे खून बहने लगा. उसके बाद तीनों बदमाश वहां से भाग निकले. बाद में उसने थाने जाकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज करवाया.

आधे घंटे बाद दूसरे युवक पर किया हमला

इस घटना के करीब आधे घंटे बाद ही इन्हीं बदमाशों ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर दिया. फरियादी विजय सावड़े (18) फूटा मकबरा छोला रोड पर रहता है और पुट्ठा मिल के पास एक टायर दुकान पर काम करता है. सोमवार रात करीब बारह बजे वह बाथरूम करने के लिए दुकान के सामने सड़क की दूसरी तरफ गया था. वापस लौटते समय बाइक सवार तीन बदमाश उसके पास पहुंचे. पीछे बैठे जैकेट वाले युवक ने चाकू निकालकर बगैर किसी बात के उसके गाल पर मार दिया, जिससे गाल कटकर खून बहने लगा. शोर मचाने पर दुकान मालिक और आसपास के लोग दौड़े तो तीनों बदमाश मौके से भाग निकले. घायल विजय को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया.उसके बाद थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस आरोपियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है.

अपराध

गांजा और स्कूटर समेत डेढ़ लाख का माल बरामद

अयोध्या नगर पुलिस के हत्थे चढ़ा गांजा तस्कर

क्राइम रिपोर्टर
भोपाल, 20 नवंबर. पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर भोपाल पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है.

अयोध्या नगर पुलिस ने बीती रात मिनाल गेट के पास एक्टिवा सवार तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से डेढ़ किलोग्राम से ज्यादा का गांजा बरामद किया है.

जब हुए गांजे और स्कूटर की कुल कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई गई है.थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि नशीले पदार्थों की तस्करी और सेवन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है. इसी कड़ी में मंगलवार रात सूचना मिली कि मिनाल गेट नंबर पांच के पास स्कूटर सवार एक युवक गांजा बेचने की फिराक में घूम रहा है. मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदेही युवक को हिरासत में लिया.

> पूछताछ करने पर उसने अपना नाम विशाल चौहान (22) निवासी राजीवनगर, ख्वाजा कालोनी थाना पिपलानी बताया. स्कूटर की तलाशी लेने पर डेढ़ किलोग्राम से ज्यादा गांजा बरामद हुआ, जिसे स्कूटर समेत जब्त कर लिया गया. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है. टीआई लिल्हारे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व से चोरी, मारपीट, अड़ीबाजी और आर्म्स एक्ट समेत आधा दर्जन से ज्यादा अपराध दर्ज हैं.

जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

भोपाल, 20 नवंबर. नजीराबाद इलाके में रहने वाले एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया. उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है. थाना प्रभारी कृष्णासिंह ठाकुर ने बताया कि प्रहलाद सिंह अहिरवार (32) ग्राम सिंघौड़ा का रहने वाला था और खेती किसानी करता था. बीती 17 नवंबर को उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था. परिजनों उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया.